D.Ed

F4, Unit-2(e)

4. अधिगम और प्रशिक्षण का स्थानान्तरण :

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों द्वारा जो सीखा जाता है उसका पूरा लाभ तभी मिलता है जब विद्यार्थी उसे अन्य विषयों या क्षेत्रों के साथ सम्बन्धित कर उनका अपने दैनिक जीवन में प्रयोग करने में सक्षम हो सके।
आधुनिक तकनीकी साधनों के प्रयोग द्वारा विद्यार्थियों के इस क्षमता का विकास किया जाता है।

5. विषयवस्तु की स्पष्टता :

कई बार पुस्तकों के माध्यम से विषय से सम्बन्धित संप्रत्ययों, विचारों, प्रक्रियाओं आदि को समझना काफी कठिन होता है।
शब्दों के माध्यम से इन विषय सामग्री को समझना विद्यार्थी तथा अध्यापक दोनों के लिए समस्या उत्पन्न कर देता है।
जैसे, विद्युत मोटर, आँखों की रचना आदि की कार्य प्रणाली का अध्ययन करते समय अगर चित्र, मॉडल आदि का प्रयोग किया जाय तो सीखना - सीखाना को काफी स्पष्ट एवं सार्थक बनाया जा सकता है।

Scanned with CamScanner